## भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया मुख्यमंत्री यादव का जन्मदिन





**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के समस्त भारतीय जनता पार्टी के मंडलों में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न सेवा के कार्यक्रम आयोजित कर उनका जन्मदिन मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडला नगर में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नगर में संचालित दीनदयाल रसोई में दीन बंधुओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने सहभोज कर जनसेवार्थ दीनदयाल रसोई में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। तत्पश्चात सेवा भारती बैगा छात्रावास आश्रम में छात्रों को फल वितरण किया गया,जिला अध्यक्ष ,सहित नगर के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काट कर मिठाई बांटी तथा आतिशबाजी की। सुधीर कसार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के यशस्वी जीवन की मंगल कामना को लेकर माहिष्मती घाट मंडला में मां नर्मदा जी भव्य महा आरती की गई,जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि पदाधिकारी उपस्थित थे, इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि हम सभी ने मां नर्मदा जी की महाआरती, पूजा अर्चना कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए मां नर्मदा जी से प्रार्थना की है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़े एवं जन कल्याण लोक कल्याण के पथ पर कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार संकल्प के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के मिशन में निरंतर आगे बढ़ते रहे।

## भुआ बिछिया में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा





**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** नगर के रामलीला मैदान में विनोद रंगमंच पर देश प्रसिद्ध हनुमान चालीसा सुंदर काण्ड पर गंभीर मिमांशा करने वाले दिल्ली से पधारे अजय आग्निक ने सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ कराया। भुआ बिछिया के हनुमान भक्त मंडल द्वारा क्षैत्र में सुख शांति समृद्धि एवं मानव कल्याणार्थ आयोजन किया। पाठ आयोजन मंगलवार की शाम 6 बजे से समूह में किया गया। सुंदरकांड पाठ करने से पहले मां दुर्गा के मंदिर एवं नगर के सभी भगवान , हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। वैदिक रीति से भगवान राम, हनुमान, सहित नवग्रह आदि का आव्हान कर प्रारंभ किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद महाआरती उपरांत प्रसाद एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे रहे हैं। सुंदरकांड पाठ के आयोजन में मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक शिवराज शाह, भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे डॉ विजय आनंद मरावी, नरेश कछवाहा, भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम सहित क्षैत्रिय जनप्रतिनिधि,नागरिक, महिलाओं ने सुंदर काण्ड वाचक अजय आग्निक का साल श्रीफल, पुष्प माला से स्वागत किया।

### सार-समाचार

## ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का 30 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर सेटी मंडला में 24 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिले के सभी विकासखंडों से आए 70 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। समापन कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपना परिचय दिया एवं आरसेटी डायरेक्टर द्वारा सभी को भविष्य में अपना स्वरोजगार स्थापित करने का सुझाव दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं ऋण हेतु सहयोग की बात कही साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में डायरेक्टर आर सेटी राजेश रॉय, एफएलसीसी के.के. अवस्थी, कार्यक्रम समन्वयक राजीव शर्मा एवं यश मोहन उसराठे, अमित यादव, अमन पटेल उपस्थित रहे।

## सब जूनियर महिला-पुरुष राष्ट्रीय पिट्ठू क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**मंडला, देशबन्धु।** पिट्ठू फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में 07 मई से 09 मई तक स्थान इंदौर , जिला इंदौर में सीनियर एवं सब जूनियर महिला/पुरूष राष्ट्रीय पिट्ठू क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है , जिसमें ट्रायबल वेल्फेयर पिट्ठू एसोसिएशन की टीमें सहभागिता करेंगीं , ट्रायबल वेल्फेयर पिट्ठू एसोसिएशन की टीमों का चयन हेतु चयन ट्रायल 08 अप्रैल-2025 को शास. कन्या उच्च. माध्य.विद्यालय नैनपुर , जिला मण्डला मध्यप्रदेश में सुबह 10:00 बजे से सम्पन्न किया जाना है , अतः उपरोक्त चयन ट्रायल में जो भी खिलाड़ी सहभागिता करना चाहते है वे निर्धारित दिनाँक , स्थान व समय पर अपना अपना आधार कार्ड , जन्म प्रमाण पत्र , मूलनिवासी प्रमाण पत्र एवं कक्षा 10 वी व 12 वी की अंकसूची , व दो पासपोर्ट साईज की फोटो साथ मे लेकर उपस्थित होवें।

## मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों की बैठक 27 मार्च को बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा का 26 मार्च की शाम को मंडला आगमन हो रहा है। सदस्य द्वय द्वारा 27 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से संबंधित विभाग/स्टेक होल्डर्स के साथ समीक्षा/समन्वय बैठक ली जायेगी। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी जनसंपर्क विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, प्रभारी कौशल विकास उन्नयन केन्द्र को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## आपदा प्रबंधन जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला होमगार्ड एवं राज्य आपदा मोचन बल जिला मंडला से उप निरीक्षक श्री हेमराज परस्ते के नेतृत्व में टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, अग्नि दुर्घटना, सड़क दुर्घटना आदि के समय बचाव एवं सावधानी संबंधी जानकारी दी गई।

## आर केलेश्वर राव का निधन

**नैनपुर, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 5 नैनपुर निवासी रेलवे से सेवानिवृत हुए आर केलेश्वर राव 91 वर्ष का निधन हो गया। आप सीनू, मोहन, बाला राव के पिता थे।

## पारंपरिक साहँव ग्रुप परिवार ने किया आर्थिक सहयोग



**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के नारायणगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिकोसी विगत दिनों आकस्मिक हृदय गति रुकने से 45 वर्षीय गंगाराम मरावी का निधन हो गया था। जिसका तेरहवीं कार्यक्रम 23 मार्च को होना था। जिस हेतु पारंपरिक साहँव ग्रुप के सदस्यों से सहयोग की अपील की गई थी। ग्रुप के सदस्यों दौरा बढ़ चढ़कर सहयोग किया। पारंपरिक साहँव परिवार द्वारा लगातार आकस्मिक ऐसी घटनाओं सहित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का सहयोग यथासंभव किया जाता है।

ग्रुप के सदस्यों का मानना है की पारंपरिक रूप से आपस में साहँव (सहयोग) भाव हमारे समाज की पुरखो द्वारा निर्मित प्राचीन व्यवस्था है। पहले गांव में बड़े-बड़े सार्वजनिक या व्यक्तिगत काम आपसी सदभाव से सरलता पूर्वक कर लिए जाते थे। परंतु आज इस भाग दौड़ भरी जीवन में व्यक्ति एकांकी जीवन जीने की राह में बढ़ चला है। इस कारण भी आज आपस में सद्भाव की भाव का दीप जलाए रखना आवश्यक है। इसी क्रम में विगत दिनों दुनिया को छोड़ गए स्व. गंगाराम मरावी के दशगात्र कार्यक्रम में पहुंच कर छोटी-छोटी राशि व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एकत्र कर पुत्र के हाथों समाज के समक्ष राशि पांच हजार दो सौ रुपये सौंप कर एक छोटा सा सद्भाव ही सही सामाजिक जिम्मेदारी युवाओं द्वारा निभाने का प्रयास किया। दौरान इंजिनियर भूपेंद्र वरकड़े जिला सदस्य मंडला, रेवत वरकड़े, सुरेन्द्र परते उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली वन अधिकार समिति की बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों का समय पर परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। प्रत्येक प्रकरण में संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर स्थल निरीक्षण करें। उन्होंने इस संबंध में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी नित्यानंदन एल, वन मंडल अधिकारी ऋषिभा सिंह नेताम, उपसंचालक कान्हा बफर जोन अमिता केवी, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संस्कार भारती द्वारा सुर साहित्य की रस धार




**मंडला, देशबन्धु।** संस्कार भारती ,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवम अ भा सा प के संयुक्त तत्वावधान में कविताओं के साथ संगीत से समा बाँधा गया। डॉ अर्चना जैन के संयोजन में उनके निवास स्थान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। माँ सरस्वती की आराधना नवनीता दुबे की मधुर स्वर लहरियों से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का सुंदर संचालन करते हुए अर्चना जैन ने अपने कविता पाठ हेतु सर्वप्रथम रश्मि मिश्रा को आवाज दी। उन्होंने कह भी डालो मन की बात से सुर साहित्य का श्री गणेश किया तत्पश्चात प्रीति दुबे- वाह मोबाइल- घर में सबसे बात किये अरसा हो गया अब तो वॉट्सएप फेस बुक ही घर सा हो गया । प्रतिमा बाजपेयी-रोम रोम में बस गए राम ,नवनीता दुबे नूपुर- कवितादिवस पर रचना और मन के हारे हार है, श्याम बैरागी जी ने-रे बचपन तू याद न आना, प्रो राजेश ठाकुर - मोनालिसा और फिर पलाश फुले, मालती लखेरा- आया फागुन आओ खेलें होली, नवीन जैन अकेला उम्र का तरूणाई से क्या वास्ता विचारों में तरुणाई होना चाहिये अर्चना जैन ने आल्हा तर्ज पर कहा था गाँधी ने हम सबसे घृणा पाप से करो सुजान, पर पापी को गले लगाना प्रेम भाव रखना श्रीमान प्रस्तुत की।

## कलेक्टर ने राज्य स्तरीय बैठक संबंधी तैयारियों की समीक्षा की



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य स्तर पर होने वाली बैठक के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बैठक एजेंडानुसार पीपीटी तैयार करें। प्रत्येक बिन्दू की पृथक-पृथक सिलाईड तैयार करें और संबंधित पूर्ण विवरण को समाहित करें। किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा का उल्लेख भी करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बम्हनी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंडला, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में आदिवासी गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय सिंह कुशराम, विशिष्ट अतिथि भरत यादव, डॉ करुणा नेमा प्राचार्य आदि की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को सराहा। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम ने कहा कि यह पीला रंग किसी पार्टी का नहीं अपितु प्रकृति एवं जनजाति समाज प्रतीक है वीरांगना रानी दुर्गावती चंदेल राजा की बेटी थी।

## बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं का किया निरीक्षण

### जल संरक्षण के लिए दिलाई शपथ, जनजागरुकता कार्यक्रम अयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** मप्र सीएमसीएलडीपी का संचालन सीएम राइस विद्यालय नारायणगंज में किया जा रहा है। संचालित कक्षाओं के निरीक्षण के लिए जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी नारायणगंज पहुंचे। जहां कक्षाओं का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है या नहीं एवं विद्यार्थियों से संपर्क कर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा उपस्थिति एवं असाइनमेंट, प्रोजेक्ट फाइल समेत अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया। बताया गया कि निरीक्षण के बाद नवांकुर संस्था व परामर्शदाता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बीएसडब्ल्यू, एमएस डब्ल्यू की छात्र छात्रों की फीस पर चर्चा, जल गंगा संवर्धन अभियान, एमपी जेए पीएम एप पर गतिविधि को अपलोड करने के साथ समस्त मेंटर्स एवं सीएमसीएलडीपी छात्राओं के माध्यम से जल गंगा संवर्धन के लिए शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए ग्राम स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार मेहरा, परामर्शदाता राकेश अग्रवाल, सुरेश सोनी, कृष्ण कुमार झरिया, चंद्रकला, नवांकुर संस्था से इंद्रा उइके समेत सीएमसीएलडीपी के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में गर्माया हाईकोर्ट जनहित याचिका का मामला

## बगौर रोड डिवाइडर निर्माण कार्य निरस्त किया जाए

**मंडला, देशबन्धु।** तहसीलदार कार्यालय नैनपुर में आयोजित जनसुनवाई मे वार्ड क्रमांक 15 में बनाई गई मांडल सड़क ओर डिवाइडर का मामला गरमाते नजर आ रहा है । वार्ड वासियों का कहना है कि पुनह मुरली वादन चौक से खैर माई मंदिर तक सड़क चौड़ी करण जनहित याचिका दायर की जायेगी जिसकी तैयारी चल रही है।

**यह है पूरा मामला-** मुरली वादन चौक से वार्ड नं. 15 तक मार्ग का माडल रोड़ के हिसाब से चौड़ीकरण कार्य किये जाने हेतु जनहित याचिका क्र. 5071/2012 का निर्णय आदेश दिनांक- 27 फरवरी 2015 को आया जिसमें हाईकोर्ट के द्वारा मुरली वादन चौक से वार्ड नं. 15 तक के संकरे-संकीर्ण मार्ग को पहले समसमान 40 फिट चौड़ा करने एवं फिर मॉडल रोड बनाये जाने हेतु तत्कालीन सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, कलेक्टर मण्डला, सब डिविजनल आफिसर (रेवेन्यू), मुख्य नगरपालिका अधिकारी नैनपुर को आदेश किया था। कि 40 फिट चौड़ी मॉडल रोड में डिवाईडर बनाने का कोई प्रावधान नहीं है।

महोदय जी, तत्कालीन अधिकारियों के द्वारा प्रभाव दबाव में आकर हाई कोर्ट के उक्त आदेश की अव्हेलना कर मुरली वादन चौक से वार्ड नं. 15 तक के संकरे-संकीर्ण मार्ग पर जहाँ-जैसी जगह मिली वहाँ-वैसी अपने हिसाब से सीमेंट-कांक्रीट का मार्ग बना दिया गया जो आज वर्तमान दिनांक तक वैसी ही स्थिति में है। उच्च न्यायालय के आदेश पर आज दिनांक 25.03.2025 तक लगभग 12 वर्ष हो चुके है उक्त आदेश के परिपालन में बाँसुरी वादन चौक से आदर्श स्कूल (बड़ी खोरमाई) तक ना तो अतिक्रमण हटाया गया है और ना ही रोड़ की चौड़ाई 40 फीट की गई है। तथा वर्तमान में लगभग 30 फीट की रोड पर नगरपालिका नैनपुर के द्वारा केवल वार्ड नं. 15 के स्थानीय पार्षद प्रदीप चौरसिया की हटधर्मिता एवं कमीशनखोरी के चक्कर में निर्माण कार्य आरंभ करने हेतु ठेकेदार पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि इस रोड पर 13-13 फिट में डिवाईडर निर्माण होने से सडक बहुत ज्यादा सकरी हो जावेगी। उक्त मार्ग सघन बस्ती क्षेत्र है एवं उक्त मार्ग तीन बडे विद्यालय, शीतला माता मंदिर ध् खोरमाई मंदिर स्थापित है तथा मार्ग स्वयं नैनपुर पिण्डरई पहुंच मार्ग है जो नगरपालिका क्षेत्र के बाहर प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना का हिस्सा है। उक्त मार्ग पर हैवी ट्रफिक्र होने के कारण आये दिन दुर्घटनायें घटती रहती है यदि डिवाईडर बन जाता है तो मार्ग का निस्तार क्षेत्रवासीयों के लिए कष्टदायी हो जावेगा और घंटों तक जाम लगा रहेगा। जनहित को ध्यान में रखाते हुए सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए डिवाईडर निर्माण कार्य हेतु वर्तमान टेंडर एवं कार्य को तत्काल निरस्त कराया जाये, पूर्व में हुए गलत डिवाईडर निर्माण को हटाया जावे। हाईकोर्ट की जनहित याचिका क्र.5071/2012 में हुए आदेश का परिपालन सुनिश्चित कराया जावे एवं वर्तमान तथा भविष्य के ट्रैफिक्र के उच्चदाब को भांपते हुए मॉडल रोड़ में कुछ संशोधन करते हुए डिवाईडर युक्त उच्चस्तरीय सड़क निर्माण कराया जावे।

## उर्वरक बी. एसएसपी अमानक पाए जाने पर क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**मंडला।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंडला ने बताया कि उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक बी. एसएसपी, विक्रेता म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भण्डार केन्द्र नैनपुर के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर के उर्वरकों का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।